दर्श दिखा सांवरे | By Geeta Singh Chishti

तेरे दर्शन को अंखिया हैं प्यासी
तू दरस दिखा सांवरे
तू दरस दिखा सांवरे
तू सबसे महान सांवरे
तू सबसे महान सांवरे

हम भक्तों की तुम सुनते हो कलयुग के अवतारी
अपनी शरण में लेलो बाबा आई शरण तुम्हारी
बस इतनी कृपा कर दीजे
तू सबको संभाल सांवरे
तू सबसे महान सांवरे

हर एक मन की बात तू जाने बाबा श्याम हमारे
तभी तो जग में तुम कहलाये हारे के सहारे
मुझे तेरा ही सहारा खाटू वाले
तू सबसे महान सांवरे
तू सबसे महान सांवरे

दूर दूर से आते बाबा श्याम तुम्हारे द्वारे
सब दुखियों की तुम सुनते हो भरते हो भण्डारे
तेरी लीला है जग से न्यारी
है तेरा सहारा सांवरे
तू दरस दिखा सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a4%b0%e0%a5%8d%e0%a4%b6-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%96%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-geeta-singh-chishti/